प्रगना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

**First Pre-Board Examination**

| Name | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Date | | | 10th | Roll No. | |
| Subject | HINDI | Marks -80 | Hindi | Teacher's Sign | |

## (खंड-1-पठन भाग)

प्र-1-अ-निम्नलिखित में से किसी एक अपठित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5)

संसार में सभी धर्मों में एक बात समान है,वह है –प्रार्थना,ईश्वर भक्ति | प्रार्थना द्वारा हमें अपने हृदय के भाव प्रभु के सम्मुख रखते हैं और कुछ न कुछ शक्ति मांगते हैं| जब हमें कोई मार्ग नही सूझता तो हम प्रार्थना करते हैं|प्रार्थना का फल उत्तम हो, इसके लिए हमें अपने अन्दर उत्तम विचार और एकाग्र मन उत्पन्न करने होते हैं,क्योकि विचार ही मनुष्य को पीड़ा पहुंचाते हैं या उससे मुक्त करते हैं| हमारे विचार हमें ऊंचाई तक ले जाते हैं या फिर खाई में फेंक देते है| यह मन ही हमारे लिए दुःख लाता है और यही आनन्द की ओर ले जाता है| यजुर्वेद के एक मंत्र के अनुसार यह मन सदा ही प्रबल और चंचल हैं| यह जड़ होते हुए भी सोते-जागते कभी भी चैन नही लेता | जितनी देर तक हम जागते रहते है यह मन कुछ ना कुछ सोचता हुआ भटकता रहता है| अब प्रश्न यह उठता है किमन, जो अत्यंत गतिशील है उसको स्थिर और वश में कैसे किया जाय? मन को वश में करने का यह मतलब नही है कि यह गतिहीन हो जाए और यह गतिहीन हो भी नही सकता| जिस प्रकार अग्नि का धर्म है उष्णता ,उसी प्रकार मन का धर्म है चंचलता होती है|

*बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर –

प्र-१-संसार के सभी धर्मों में समान है-

अ-प्रवचन व् ईश्वर    ब-भक्ति,प्रार्थना,प्रवचन    क-प्रार्थना व् ईश्वर भक्ति    ख-ईश्वर भक्ति व् भजन

प्र-२-मनुष्य प्रार्थना कब करता है?

अ-संध्या में    ब-प्रात: में    क-घोर समस्या आने पर    ख-शारीर को पीड़ा हो तब

प्र-३-मनुष्य की पीड़ा का कारन है-

अ-मनुष्य के कर्म    ब-मन की निर्बलता    क-मनुष्य की बुद्धि    ख-मन में उत्पन्न विचार

प्र-४-यजुर्वेद में मन की कउ-सी विशेषता बताई गी है?

अ-प्रबल औए स्थिर    ब-प्रबल और एकाग्र    क-प्रबल औए चंचल    ख-प्रबल और गति

प्र-५-'ऊंचाई तक ले जाना और खाई में फेंकना' से आशय है-

अ-आर्थिक विकास और आर्थिक अभाव    ब-आत्मिक उत्थान और पतन

क-बौद्धिक उत्थान और पतन    ख-धार्मिक दृष्टि से उत्थान

अथवा

जीवन में बहुत अन्धकार है और अन्धकार की ही भाँती अशुभ और अनीति है| कुछ लोग इस अन्धकार को स्वीकार कर लेते है और तब उनके भीतर जो प्रकाश तक पहुँचने और पाने की आकांक्षा होती है, वह धीरे-धीरे क्षीण होती जाती है| मैं अंधकारकी इस स्वीकृति को मनुष्य का सबसे बड़ा पाप कहता हूँ | यह मनुष्य का स्वयं अपने प्रति किया गया अपराध है| उसके द्वारा दूसरों के प्रति किए गए अपराधों का जन्म इस मूल पाप से ही होता है| यह स्मरण रहे कि जो व्यक्ति अपने प्रति इस पाप को नही करता है,वह किसी के भी प्रति कोई पाप नही कर सकता है| किन्तु कुछ लोग अंधकार के स्वीकार से बचने के लिए उसके अस्वीकार में लग जाते है| उनका जीवन अंधकार के निषेध का ही सतत उपक्रम बन जाता है|

*बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर -

प्र-१-गद्यांश में 'अन्धकार'शब्द किस ओर संकेत करता है?

अ-पाप की ओर  ब-बुराई और कठीनाई की ओर  क-अपराध की ओर  ख-गरीबी की ओर

प्र-२-लेखक ने किसे सबसे बड़ा पाप कहा है?

अ-प्रकाश पाने की क्षीण आकांक्षा  ब-मनुष्य का अपने प्रति पाप न करना

क-अंधकार को स्वीकार न करना  ख-अंधकार को स्वीकार कर लेना

प्र-३-जब व्यक्ति स्वयं के प्रति किए गए अन्याय ,शोषण के विरुद्ध आवाज नही उठाता,तो-

अ-इससे दूसरों के प्रति अन्याय, शोषण को बढ़ावा मिलता है|

ब-वह केवल अपने प्रति अन्याय करता है|

क-इससे शांति का माहौल बना रहता है|

ख-वह दंड का अधिकारी बन जाता है|

प्र-४-'अन्धकार का निषेध' किस ओर संकेत करता है?

अ-अन्याय ,शोषण,बुराइयों को सदा के लिए समाप्त करना

ब-समाज में फैले अन्धकार को प्रकाश में बदल देना

क-समाज को अन्धकार से मुक्त करने के लिए प्रयत्नशील रहना

ख-यह मन्ना कि समाज में अन्याय,शोषण,बुराइयां नही है|

प्र-५-इस गद्यांश का मुख्य उददेश्य है-

अ-अंधकार और प्रकाश की व्याख्या करना

ब-अन्याय और बुराइयों को दूर करने का प्रयास करना

क-तरह-तरह के लोगों की विशेषताएं बताना

ख-पाप और पुण्य की व्याख्या करना|

प्र-२-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5)

गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों को मानव-मात्र की समानता और स्वतंत्रता के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया | इस के साथ उन्होंने भारतीयों के नैतिक पक्ष को जगाने औए सुसंस्कृत बनाने

के भी प्रयत्न किए| गांधीजी ने ऐसा क्यों किया? इसलिए कि वे मानव-मानव के बीच काले-गोर या ऊंच-नीच का भेद ही मिटाना पर्याप्त नही समझते थे,बल्कि उनके बीच एक मानवीय स्वाभाविक स्नेह और हार्दिक सहयोग का संबंध भी स्थापित करना चाहते थे| इसके बाद जब भारत आए,तब उनहोंने इस प्रयोग को एक बड़ा औए व्यापक रूप दिया|विदेशी शासन के अन्याय-अनीति के विरोध में उनहोंने जितना बड़ा सामूहिक प्रतिरोध संगठित किया| उसकी मिसाल संसार के इतिहास में कही नही मिलती| पर इसमें उनहोंने सबसे बड़ा ध्यान इस बात का रखा किइस प्रतिरोध में कही भी कटुता ,प्रतिशोध की भावना अथवा कोई भी ऐेसी अनैतिक बात न हो जिसके लिए विश्व-मच पर भारत का माथा नीचा हो| ऐसा गांधीजी ने इसलिए किया क्य्तोकी वे मानते थे कि बंधुत्व,मैत्री, सद्भावना ,स्नेह-सौहार्द आदि गुण मानवता रूपी ठनी के ऐसे पुष्प हैं जो सर्वदा सुगन्धित रहते हैं|

*बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर -

प्र-१-अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों के पीड़ित होने का क्या कारण था?

अ-निर्धनता ध्निकता पर आधारित भेदभाव        ब-रंग-भेद और सामाजिक स्टार से सम्बन्धित भेदभाव

क-धार्मिक भिन्नता पर आश्रित भेदभाव        ख-विदेशी होने से उत्पन्न मन-मुटाव

प्र-२-गांधीजी अफ्रीका वासियों और भारतीयों के मध्य क्या स्थापित करना चाहते थे?

अ-सहज प्रेम और सहयोग की भावना        ब-पारिवारिक अपनत्व की भावना

क-अहिंसा और सत्य के प्रति लगाव        ख-विश्वबंधुत्व की भावना

प्र-३-भारत में गाँधी जी का विदेशी शासन पर प्रतिरोध किस पर आधारित था?

अ-संगठन की भावना पर        ब-नैतिक मान्यताओं पर

क-राष्ट्रीयता के विचारों पर        ख-शांति की सद्भावना पर

प्र-४-बंधुत्व, मैत्री आदि गुणों की पुष्पों के साथ तुलना आधारित है-

अ-उनकी सुन्दरता पर        ब-उनकी कोमलता पर

क-उनके अपनत्व पर        क-उनके कायिक प्रभाव पर

प्र-५-गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

अ-अफ्रिका में गांधीजी        ब-प्रवासी भारतीय और गांधीजी

क-गांधीजी की नैतिकता        ख-गांधीजी और विदेशी शासन

## (व्याकरण भाग)

### प्र-३-अ-निन्म्लिखित पांच भागों में से चार भागों के उत्तर दीजिए- (4)

१-<u>अपने मित्रों में से कोई</u> समय पर नही पहुंचा| रेखांकित पदबंध है—

अ-संज्ञा पदबंध        ब-सर्वनाम पदबंध        क-क्रिया पदबंध        ख-किर्या विशेषण पदबंध

२-मेरी आहत सुनते ही वह उठकर <u>चला गया</u>| रेखांकित पदबंध है—

अ-विशेषण पदबंध        ब-क्रिया पदबंध        क-क्रियाविशेसं पदबंध        ख-सर्वनाम पदबंध

३-इनमें से क्रियाविशेषण पदबंध का एक उदाहरण कौन सा नही है?

अ-मुझसे <u>और नही</u> पिया जा सकता|        ब-युवक <u>धीरे-धीरे लंगड़ाता हुआ</u> चल रहा था|

क-मीता जोर-जोर से चिल्ला रही है| ख-वह आज रात तक घर आ जायगा|

४-निम्न में से सही युग्म -सा नही है?

अ-सुबह नौ बजे पहुँचने वाली गाडी अभी तक नही आई है----------विशेषण पदबंध

ब-मुम्बई जाने वाली फ्लाईट तीन घंटे देर से जायेगी|--------------संज्ञा पदबंध

क-वह अब तक खा चुका होगा|-----------------------------------सर्वनाम पदबंध

ख-अचानक ज़ोरों की बारीश आ गई |-----------------------------क्रियाविशेषण पदबंध

५-घर से भागा हुआ लडका मिल गया| पदबंध पहचानों |

अ-विशेषण पदबंध ब-संज्ञा पदबंध क-सर्वनाम पदबंध ख-क्रिया पदबंध

## प्र-४-निन्म्लिखित पांच भागों में से चार भागों के उत्तर दीजिए- (4)

१-'बादल घिरे और मोर नाचने लगा|' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है-

अ-आज्ञावाचक ब-सरक वाक्य क-मिश्रित वाक्य ख-संयुक्त वाक्य

२-'छात्रों ने परिश्रम किया| वे उत्तीर्ण हो गए|'यह वाक्य मिश्रित वाक्य में रूपांतरित होगा |

अ-छात्रों ने परिश्रम किया और उत्तीर्ण हो गए | ब-परिश्रम करनेवाले छात्र उत्तीर्ण हो गए|

क-जिन छात्रों ने परिश्रम किया वे उत्तीर्ण हो गए | ख-छात्र परिश्रम करके उत्तीर्ण हो गए |

३-'रमा की गाय दूध देती है|'रचना के आधार पर वाक्य का भेद है-

अ-सरल ब-संयुक्त क-मिश्र ख-कोई नही है

४-निम्न में से संयुक्त वाक्य का चयन करिए –

अ-क्या मेरे बिना वह पद नही सकता ? ब-परिश्रमी व्यक्ति ही सफलता प्राप्त करता है|

क-जो परिश्रम करता है ,वही सफल होता है| ख-मै बजाता हूँ और वह गाता है|

५-निम्न में से मिश्र वाक्य पहचानिए-

अ-चोर को देखते ही सिपाही पकड़ने दौड़ा | ब-नेताजी भाषण देकर चले गए|

क-जो बच्चे नकल करते है,वे सफल नही हो सकते | ख-बिजली नही थी इसलिए अन्धेरा है|

## प्र-५-निन्म्लिखित पांच भागों में से चार भागों के उत्तर दीजिए- (4)

१-'नीला है जो कमल ' का समस्तपद है-

अ-नीलकमल ब-निलाकर कमल क-निलाकमल ख-सभी गलत

२-निम्न में से किस समस्तपद में कर्मधारय समास है?

अ-महादेव ब-त्रिफला क-असत्य ख-दहीबडा

३-'कैलाश के स्वामी अर्थात शिव ' समस्तपद का उदहारण है-

अ-कर्मधारय ब-बहुब्रीहि क-तत्पुरुष ख-द्वीगु

४-निम्न द्विगु समास है-

अ-भोजनालय ब-नीलगगन क-मृगनयन ख-त्रिवेणी

५-निम्न स्व्यय्भावी समास का उदाहरन है-

अ-प्रतिदिन ब-चतुर्भुज क-बैलगाड़ी ख-गंगाधर

प्र-६-निन्म्लिखित चार भागों के उत्तर दीजिए- (4)

१-यो ही ----------से क्या लाभ? कुव्ह करके दिखाओ तो माने |मुहावरे से वाक्य पूरा करिए |

अ-शेखी बघारना ब-आग बबूला होना क-लोहा लेना ख-हवा में उड़ना

२-'खरी-खोटी सुनना'मुहावरे का अर्थ है-

अ-मीठी मीठी बात करना ब-ऊंच-नीच बताना क-भला-बुरा कहना ख-सच्चाई बताना

३-तुम्हारी कड़ी बातों से वह------------गया |मुहावरे से वाक्य पूरा करिए |

अ-खून जलाना ब-आपे से बहर होना क-विरोध करना ख-हेकड़ी बताना

४-'बहुत दिनों बाद दिखाई देना' सही मुहावरा है-

अ-ईद का चाँद होना ब-आँख का तारा होना क-आँखे चार होना ख-पौ बारह होना

## (साहित्य भाग)

प्र-७-निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर उचित विकल्प चुनिए| (4)

रहो न भूल के कभी मंदांध तुच्छ विटी में ,
एनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में|
अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोकनाथ साथ है,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ है|
अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे|

१-कवि ने किसे तुच्छ बताया है?

अ-धन-सम्पत्ति को ब-यश को क-विवेक को ख-प्रेम को

२-त्रिलोकनाथ का अर्थ है-

अ-संसार ब-भक्षक क-तीनो लोको के स्वामी

३-भाग्यहीन कौन है?

अ-जो स्वयं को गरीब मानता है ब-जो ईश्वर पर विश्ववास नही करता

क-जो धनवान है ख-कोई नही

४-दूसरों की सहायता कने के लिए जो अपना जीवन न्योछावर करता है –वह कहलाता है-

अ-मूर्ख ब-पागल क-सदाचारी ख-मनुष्य

प्र-८-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर उचित विकल्प चुनिए| (5)

कुछ समय बॉस पासा गाँव में 'पशु पर्व' का आयोजन हुआ|पशु पर्व में हुष्ट-पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवको की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती है| वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं|बाद में नृत्य-संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है| शाम को सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे| धीरे-धीरे

विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए| तन्तारा का मन इन कार्यक्रमों में नही लग रहा था| उसकी व्याकुल आँखे वामीरो को ढूँढ रही थी|नारियल के झुण्ड के एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झांकता दिखा |उसने थोडा और करीब जाकर देखा तो वह वामीरो थी,जो भयवश सामने आने से डॉ रही थी|

*बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर -

१-पासा गाँव में किस पर्व का आयोजन किया गया था?

अ-मेले का ब-पशु पर्व का क-संगीत का ख-नृत्य का

२-यह आयोजन कितने साल बाद होता है?

अ-एक साल ब-तीन साल क-छह साल ख-दो साल

३-तन्तारा की आँखे किसे ढूँढ रही थी?

अ-सरपंच को ब-मान को क-वामीरो को ख-पशु को

४-वमीरो कहाँ छिपी थी?

अ-पहाड़ी के पीछे ब-नारियल के झुण्ड के पीछे ख-दीवार के पीछे

५-मेले में किसका प्रदर्शन किया जाता है?

अ-हृष्ट-पुष्ट पशुओं का ब-युवको की शक्ति का क-युवतियों का ख-कपड़ों का

प्र-९-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर उचित विकल्प चुनिए| (5)

ग्वालियर में हमारे एक मकान था|उस मकान के दालान में दो रौशनदान थे| उसमें कबूतर के एक जोड़े ने अपना घोंसला बना रखा था| एक बार बिल्ली ने उचक कर दो में से एक अंडा तोड़ दिया | मेरी मान ने ये सब देखा तो उसे दुःख हुआ| उसने स्टूल पर चढ़ कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिश की| लेकिन इस लोशिश में दूसरा अंडा उसी के हाथ से गिरकर टूट गया| कबूतर परेशानी में इधर-उधर फडफड़ा रहे थे| उनकी आँखों में दुःख देखकर मेरी माँ की आँखों में आंसू आ गये| इस गुनाह को खुद से मुआफ कराने के लिए उसने पूरे रोज़ा रखा| दीन भर हच खाया-पीया नही | सिर्फ रोती रही और बार-बार नमाज़ पढ़-पढ कर खुदा से इस गलती को माफ़ करने की दुआ मांगती रही|

*बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर -

१-बरामदे में कितने रोशनदान थे?

अ-दो ब-एक क-चार ख-तीन

२-रोशनदान में किसने अपना घोंसला बनाया था?

अ-मैना ने ब-कबूतर ने क-गौरैया ने ख-बया ने

३-पहला अंडा किसने तोड़ा?

अ-लेखक की मान ने ब-लेखक ने क-बिल्ली ने ख-कौए ने

४-कबूरे का जोड़ा परेशान क्यूँ फडफडा रहा था?

अ-उनको अपना घोसला नही मिल रहा था ब-वे दोनों भूख से परेशान थे

क-उनके दोनों अंडे टूट गये थे ख-लेखक उनको भगा रही था

५-लेखक की मान ने कौसे प्राश्चित किया ?

अ-पूरे दिन रोज़ा रख के     ब-खुदा से माफी मांग के     ख-पूरे दिन रो रो के

## (खंड-2-वर्णात्मक भाग)

## *-पाठ्यपुस्तक व् पूरक पुस्तक-

### प्र-१०-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो ) (4)

प्र-1-कबीर के भक्ति-भाव का वर्णन अपने शब्दों में करिए|

प्र-2-मीरा ने पद में हरि से पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है?

प्र-3-'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है?

प्र-११--'कारतूस' पाठ के आधार पर सिद्ध करिए कि वजीर अली एक जाबांज सिपाही था ? (4)

### प्र-१२- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो ) (6)

प्र-१-हरिहर काका के साथ उनके भाइयों और ठाकुरवाड़ी के लोगों ने कैसा व्यवहार किया ?

प्र-२-'सपनों के से दिन'पाठ के आधार पर पी.टी. सर का चारित्रचित्रण करिए|

प्र-३-'टोपी शुक्ल 'पाठ के आधार पर बताइए कि इफ्फनकी दादी मिली-जुली संस्कृति में विशवास क्यों रखती थी? उदाहरण सहित समझाइये-

### प्र-१३-निम्नलिखित संकेत-बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए- (6)

1-'मेक इन इंडिया' अभियान

संकेत-बिंदु:- प्रस्तावना
अभियान का उद्देश्य
अभियान की सफलता के करक
अभियान की आर्थिक समृद्धी का मूलमंत्र
उपसंहार

2-ट्राफिक जाम में फ़सा मैं-

संकेत-बिंदु:- प्रस्तावना
वर्तमान समय में ट्राफिक का हाल
ट्राफिक की समस्या का आधार
लोगों की जल्दबाजी और व्यवस्था की कमी
सुधार के उपाय
उपसंहार

प्र-१४-अ-परीक्षा में हुए असफल अपने मित्र को सात्वना बंधाते हुए एक पत्र लिखिए| (5)

या

-आप के स्कूल में खेल-कूद की पर्यात साधन-सामग्री नही है| ये साधन-सामग्री के लिए अपनी प्राचार्याजी को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए|

प्र-१५-आपको अपना 'स्कूटर' बेचना है, एक विज्ञापन तैयार करिए| (5)

प्र-१६-अ-आप अपने पापा के साथ स्कूल में एडमिशन के लिए गए हो ,आपके पापा और प्राचार्या के बीच क्या-क्या बात-चीत हुई ,इस संवाद-लेखन में लिखिए| (5)

या

ब-दिए गए चित्र को देख कर उचित शब्दों में वर्णन करिए




प्र-1७-आपके स्कूल में सफाई-अभियान का आयोजन रखा है| जिसमें सभी विद्ध्यार्थियों को हाजिर रहना है |एक सूचना-पत्र लिखिए| (5)

--------------------------------